A TATA Enterprise

ISWP

# तार समाचार

अप्रैल-जून 2022










# प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय साथियों,

मैं वित्तीय वर्ष FY 23 के प्रथम त्रैमासिक में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल परिवार का अभिनन्दन करता हूँ कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों की सुरक्षित एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ । आशा करता हूँ की इस वर्ष हम निर्धारित सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होगें और इसमें आप सभी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है ।

टाटा ग्रुप लेवल पर आयोजित TBEM असेसमेंट में इस वर्ष हमने आवेदन किया है और आशा करता हूँ कि अक्टूबर 2022 में होने वाले इस असेसमेंट में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इसी शृखंला में इस वर्ष आयोजित TAAP असेसमेंट में हमने अच्छा प्रदर्शन किया तथा एक स्कोर बैंड की बढ़ोतरी मिली और हमारा स्कोर 550 –575 का हो गया है। इस असेसमेंट में हमारी दो उपलब्धियां रही ।

550 के स्कोर को प्राप्त करने के लिए "सिग्नीफिकेंट एडॉप्शन" का अवार्ड ।

'एजुकेशन' के क्षेत्र में पोटका प्रखंड के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में किये जा रहे हमारे कार्यों को बेस्ट इन क्लास फॉर इंडिविजुअल 'इ' 'का अवार्ड।

उपरोक्त दोनों उपलब्धियों के लिए मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में हमें टाटा संस के चेयरमैन श्री एन. चंद्रशेखरन द्वारा सम्मानित किया गया। मैं इन उपलब्धियों के लिए आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल परिवार के सभी सदस्यों को बधाई देता हूँ और विशेष तौर पर सी.एस.आर टीम द्वारा किये जा रहे कार्यों की हार्दिक प्रशंसा करता हूँ।

रॉड मिल विस्तारीकरण की परियोजना पर कार्य तेजी से चल रहा है और मैं उम्मीद करता हूँ की सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर संपन्न किये जायेंगे। इतने बड़े स्तर का प्रोजेक्ट आई.एस.डब्ल्यू.पी टीम के लिए पहला अनुभव है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट क्षेत्र में हो रही गतिविधियों को CCTV कैमरा के माध्यम से हमारी प्रोजेक्ट टीम निगरानी रख रही है। इस प्रोजेक्ट का सफल आयोजन वित्तीय वर्ष के परफॉरमेंस में बड़ी भूमिका निभाएगा। मैं प्रोजेक्ट टीम तथा सम्बंधित सभी विभागों को शुभकामनायें देता हूँ ।

हमने कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर मोबाइल फोन के उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किया है। कार्यस्थल पर फोन का उपयोग से व्यक्ति की गंभीर दुर्घटना की संभावना होती है। इसलिए आप सभी से अनुग्रह है की जारी किए गए दिशानिर्देश का पालन करें एवं एक दूसरे को प्रेरित करें ।

पुनः देश में कोरोना पीड़ितों की संख्या में बृद्धि हुई है इसलिए हम सभी को कोरोना से बचाव के सभी सुरक्षा नियमों का पालन करते रहना है ।

हमारे जीवन में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वच्छता अहम् बिंदु है , सुरक्षित रहने के लिए हमें सुरक्षा आयामों को अपनाना चाहिए जिससे हम और हमारे आस–पास के सभी लोग सुरक्षित रहे। व्यस्तता भरे जीवन शैली में स्वस्थ जीवन के लिए, संतुलित आहार और नियमित रूप से व्यायाम करने की आवश्यकता होती है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिये अपनाना चाहिये। यह सभी कारक जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। इन सभी अच्छी आदतों को अपना कर हम एक अच्छे और सफल इंसान बन सकते है ।



शुभेच्छाओं के साथ

नीरज कांत
एम.डी.
(आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल.)

# टाटा एफर्मेटिव एक्शन प्रोग्राम के क्षेत्र में गौरवपूर्ण सम्मान

टाटा कंपनियां सामाजिक समानता में विश्वास करती हैं एवं समान अवसर के सिद्धांत का पालन करती हैं, चाहे वह किसी भी जाति की हो, चाहे वह भर्ती में हो या संगठन के भीतर करियर में उन्नति हो। आई.एस.डब्ल्यू.पी मानती है की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी एक व्यापक अवधारणा है। जिसके तहत कम्पनी द्वारा अपने आस–पास के क्षेत्रों में शिक्षा एवं जरुरत मंदों को आवश्यक सुविधा प्रदान करना।

जून 2022 को टाटा बिजनेस एक्सीलेंस ग्रुप द्वारा कन्वेंशन आयोजित किया गया था। आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल को TAAP में पहली बार 550 से 575 स्कोर बैंड को प्राप्त हुआ है और उस के उपलक्ष्य में ''सिग्नीफिकेंट एडॉप्शन'' अवार्ड प्राप्त हुआ ।

एवं आई.एस.डब्ल्यू .पी.एल द्वारा संचालित TAAP कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है इस सन्दर्भ में हमें 'बेस्ट इन क्लास फॉर इंडिविजुअल इ''एस" के क्षेत्र में एजुकेशन का अवार्ड प्राप्त हुआ ।

इस गौरान्वित अवसर पर आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल से प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, श्री अवतार सिंह (सी.एस.आर हेड), विजयंत कुमार (वाईस प्रेजिडेंट– रॉड मिल,वेल्डिंग बिजनेस,आई.टी), राकेश बाबू (जी.एम् – बिजनेस एक्सीलेंस, प्रोक्योरमेंट) , मनप्रीत श्रीवास्तव (सीनियर मैनेजर – प्रोक्योरमेंट) उपस्थित थे।

अत्यंत गौरान्वित का विषय है की यह अवार्ड हमें टाटा ग्रुप के चेयरमैन श्री नटराजन चंद्रशेखरन एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्राप्त हुआ।




सिग्नीफिकेंट एडॉप्शन अवार्ड प्राप्त करते हुए




'बेस्ट इन क्लास फॉर इंडिविजुअल इ''एस" अवार्ड प्राप्त करते हुए

# सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल का योगदान

## रक्तदान शिविर

### रक्तदान है महादान, इससे बड़ा न कोई दान।

जीवनदायी रक्त को एकत्रित करने का एकमात्र उपाय है रक्तदान। स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किये गये रक्तदान का उपयोग जरूरतमंद लोगों को रक्त की आवश्यकता की पूर्ति की जाती है।

ISWPL हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन 26 मई 2022 को सुबह 9:30– दोपहर 4:30 तक किया गया था । इस उपलक्ष्य में कंपनी प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत,उच्च अधिकारी एवं श्री पंकज सिंह (जनरल सेक्रेटरी–ISWP), श्री श्रीकांत सिंह (डिप्टी प्रेजिडेंट–ISWPL), श्री अमित सरकार (जनरल सेक्रेटरी –जेम्को), अन्य कर्मचारी, यूनियन के सदस्य उपस्थित थे। शिविर के दौरान कुल 75 यूनिट रक्त एकत्रित हुए जिसे कर्मचारी, कांट्रेक्टर एवं अन्यों द्वारा रक्त दान किया गया है।



## नेशनल फायर सेफ्टी वीक

14 अप्रैल 1944 को मुंबई डॉकयार्ड में हुई विस्फोट को बुझाने में लगे बहादुर दमकलकर्मी अपनी जान की परवाह किये बिना आग बुझा रहे थे, उसी दौरान 71 दमकलकर्मियों की जान चली गई । प्रत्येक वर्ष इस दुखद घटना को स्मरण करते हुए एवं उन सभी दमकलकर्मियों की अविश्वसनीय साहस और बलिदान के लिए सम्मान और श्रद्धांजलि देते हैं।

13 अप्रैल 2022 आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल परिसर में सेफ्टी विभाग द्वारा नेशनल फायर सेफ्टी वीक के उपलक्ष्य में ध्वज आरोहण किया गया । इसका उद्देश्य लोगो को अग्नि सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी देना ।

**पुरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।**

- ध्वजारोहण द्वारा फायर सेफ्टी दिवस/माह का उद्घाटन।
- C1 और C2 स्पोर्ट्स ग्राउंड के 80 छात्रों को फायर एक्सटीन्गुइशेर का उपयोग संबधित जानकारी दी गई।
- सभी EPA's (परीना मेटल्स, ऑटोरबर, एच.पी.एम.टी, वैलोर वायर, ए.पी.एल) में फायर सेफ्टी सम्बंधित जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।
- फायर सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता ।



## विश्व पर्यावरण दिवस

हमारे पर्यावरण की स्थिति प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारण दिन प्रति दिन गिरती जा रही है। धरती पर लगातार जनसंख्या बढ़ने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता ना होने के कारण पर्यावरण संरक्षण की समस्या लगातार उत्पन्न हो रही है। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण का ध्यान रखना हमारा परम दायित्व है।

इसलिए प्रत्येक वर्ष 5 जून को राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य सभी को पर्यावरण के महत्त्व से परिचित करना एवं प्रदूषण की समस्या से अवगत करा कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना है।

श्री शिवेंद्र पांडेय ने आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के छात्रों को खाद बनाने की प्रविधि सम्बंधित जानकारियों से अवगत कराया ।



## हमारे लोग–हमारे गर्व

### विभिन्न गतिविधि एवं एम्प्लोयी इंगेजमेंट प्रोग्राम द्वारा व्यक्तिगत और प्रोफेशनल संवृद्धि में सुधार

"स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ" का चयन विभाग के विभागाध्यक्षों द्वारा किया जाता है। जो ऑफिसर अपने कार्यस्थल में उत्तम प्रदर्शन के साथ बाकि सभी गतिविधियों में सक्रीय रहता है उसे "स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ'' के रूप में घोषित किया जाता है ।

इस वित्त वर्ष 22–23 अप्रैल माह में फाइनेंस एंड एकाउंट्स से सूरसैन सिंह (सीनियर मैनेजर), मई माह में स्पोर्ट्स विभाग से संजय कुमार मिश्रा (मैनेजर), जून माह में फाइनेंस एंड एकाउंट्स से प्रेरणा धूत (सीनियर मैनेजर) को ''स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ'' से सम्मानित किया गया ।




सूरसैन सिंह (सीनियर मैनेजर – फाइनांस एन्ड एकाउंट्स) | संजय कुमार मिश्रा मैनेजर (स्पोर्ट्स) | प्रेरणा धूत (सीनियर मैनेजर– फाइनांस एन्ड एकाउंट्स )

## टॉप रेकोर्स

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में कर्मचारियों के कार्य के अतिरिक्त विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है। प्रत्येक गतिविधि में रेको पॉइंट निर्धारित होता है। कोई कर्मचारी अपने कार्य के साथ–साथ कंपनी के आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते है। भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कर्मचारियों को रेको पॉइंट दिया जाता है। सभी कर्मचारियों (ऑफिसर एवं एसोसिएट्स) की रेको पॉइंट की गणना कर सबसे अधिक रेको पॉइंट प्राप्त कर्मचारियों को "टॉप रेकोर्स" अवार्ड से सम्मानित किया जाता है।




सूरसैन सिंह (सीनियर मैनेजर– फाइनांस एन्ड एकाउंट्स) | संजय कुमार मिश्रा (मैनेजर–स्पोर्ट्स) | प्रेरणा धूत (सीनियर मैनेजर– फाइनांस एन्ड एकाउंट्स)

ऑफिसर वर्ग में अधिकतम रेको पॉइंट के साथ प्रथम स्थान में संजय कुमार मिश्रा (मैनेजर –स्पोर्ट्स),द्वितीय स्थान सूरसैन सिंह(सीनियर मैनेजर (फाइनांस एन्ड एकाउंट्स), तृतीय स्थान प्रेरणा धूत (सीनियर मैनेजर (फाइनांस एन्ड एकाउंट्स) को इस वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में टॉप रेको घोषित किया गया।




जगजीत कौर (एसोसिएट एच.आर) | अमरेंद्र कुमार सिंह (एसोसिएट शेयर्ड सर्विसेज) | अवतार महतो (एसोसिएट रॉड मिल )

एसोसिएट वर्ग में अधिकतम रेको पॉइंट के साथ प्रथम स्थान में अमरेंद्र कुमार सिंह (एसोसिएट –शेयर्ड सर्विसेज) द्वितीय स्थान में जगजीत कौर (एसोसिएट– एच.आर) तृतीय स्थान में अवतार महतो (एसोसिएट – रॉड मिल) को इस वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में टॉप रेको घोषित किया गया ।

## सुझाव योजना

सुझावकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर डी.एस.एम.सी कमिटी निर्णय लेती है । प्रत्येक त्रैमासिक टॉप सजेस्टर की घोषणा इस आधार पर की जाती है जिसमे जिस कर्मचारियों का सुझाव सबसे अधिक स्वीकार किया जाता है उसे उस त्रैमासिक ''टॉप सजेस्टर'' से सम्मानित किया जाता है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में निम्न सुझावकर्ता का सुझाव को सबसे अधिक स्वीकृत किया गया । इसलिए इन कर्मचारियों को "टॉप सजेस्टर" घोषित किया गया।



आद्येश्वर लाया | अशोक कुमार महतो | कुलराज सिंह | सुखदेव सिंह | दानी शंकर तिवारी | गोमा गागराई | सुकांता सुतार | अनिल कुमार तिवारी

# नॉलेज मैनेजमेंट

## टॉप के.एम् एक्टिव कंट्रीब्युटर्स

कर्मचारियों द्वारा साझा किये गए नॉलेज पीस को कम्युनिटी द्वारा रैंकिंग दे कर अप्रूव या रिजेक्ट किया जाता है। प्रत्येक त्रैमासिक में जिस कर्मचारी का के.एम् पीस को कम्युनिटी द्वारा सबसे अधिक अप्रूव की जाती है उस कर्मचारी को 'टॉप के.एम् एक्टिव कंट्रीब्युटस' घोषित किया जाता है ।


गौतम अधिकारी


ऑफिसर वर्ग में इंजीनियरिंग एन्ड प्रोजेक्ट्स के गौतम अधिकारी का विभिन्न कमिटी द्वारा के.एम् पीस सबसे अधिक स्वीकृत हुए इस उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में ऑफिसर वर्ग में गौतम अधिकारी को टॉप के.एम् एक्टिव कंट्रीब्युटर्स से सम्मानित किया गया ।


कबिता कुमारी महतो


अवतार महतो

एसोसिएट वर्ग में रॉड मिल के कबिता कुमारी महतो एवं अवतार महतो का विभिन्न कमिटी द्वारा के.एम् पीस सबसे अधिक स्वीकृत हुए इस उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में एसोसिएट वर्ग में टॉप के.एम् एक्टिव कंट्रीब्युटर्स से सम्मानित किया गया ।

## के.एम् चैंपियन



सभी कर्मचारियों में अपनी एक खास गुणवत्ता विधमान होती है नॉलेज मैनेजमैट एक ऐसा माध्यम है जहाँ कर्मचारी अपना ज्ञान को साझा करते है या दुसरो के द्वारा साँझा की गई ज्ञान को प्राप्त कर अनुसरण करते है ।

ऑफिसर द्वारा साँझा की गई नॉलेज पीस को कम्युनिटी द्वारा अप्रूव या रिजेक्ट की जाती है । सभी विभाग के ऑफिसर का अप्रूव के.एम् स्कोर को उस विभाग के कुल ऑफिसर की संख्या से विभाजित किया जाता है। परिणामस्वरूप जिस विभाग का स्कोर सबसे अधिक निकलता है उस विभाग को 'के.एम् चैंपियन' से सम्मानित किया जाता है ।

इस वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में टॉप 5 के.एम् चैंपियन विभागों में इंजीनियरिंग एन्ड प्रोजेक्ट्स , स्पोर्ट्स, वायर बिजनेस,सेफ्टी हेल्थ एन्ड एनवायरनमेंट, सी.एस, लीगल–इंटरनल ऑडिट शामिल है। जिसमें फाइनल स्कोर में अधिकतम स्कोर प्राप्त करने के सन्दर्भ में इंजीनियरिंग एन्ड प्रोजेक्ट्स को 'के.एम् चैंपियन' घोषित किया गया ।



# अंतराष्ट्रीय योग दिवस

## योग अपनाएं निरोग रहें







अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है । यह दिन वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आध्यात्मिक और शारीरिक अभ्यास के लाभों के विषयों से जागृत करना। इस वर्ष का थीम कोविड–19 के प्रभाव को मद्देनजर रखते हुए (मानवता के लिए योग) चयन किया गया। 21 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल DB –2 में योग शिविर का आयोजन किया गया । इस योग शिविर के मुख्य अतिथि कंपनी प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, यूनियन के अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय , विभाग के विभागाध्यक्ष, यूनियन के सदस्य , एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

योग प्रशिक्षक द्वारा श्री नरेंद्र द्वारा कर्मचारियों को योग प्रशिक्षण प्रदान की गई ।



# प्राइड मंथ

LGBTQ समुदाय के अंतर्गत आने वालों को समाज में जीने का समान अधिकार है। हम ISWPL में LGBTQ समुदाय के अस्तित्व को सम्मान करते है और हम एकजुट होकर उनके अधिकारों के लिए खड़े हैं।






## इम्प्लॉयी एंगेजमेन्ट गतिविधियाँ

**वी कनेक्ट**

**मंच- प्रतिभा को प्रदर्शित करने योग्य**

### बैक टू स्कूल

अप्रैल माह में आयोजित बैक टू स्कूल कम्पीटिशन में कर्मचारियों ने वी कनेक्ट में फोटो शेयर कर भाग लिया ।




वी कनेक्ट कर्मचारियों को विभिन्न प्रतियोगिता में जुड़े रहने का अवसर देता है ।

### बीट दी हीट

मई माह में गरमी को देखते हुए बीट डी हीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कर्मचारियों ने फोटो शेयर कर भाग लिया ।




## कंपनी परिसर के बाहर - विभिन्न क्षेत्रों में आई.एस.डब्ल्यू.पी का प्रतिनिधित्व

### पोटका में सी.एस.आर गतिविधियों का मुआयना - सेन्ट्रल मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस फॉर स्टेट)

15 जून 2022 को डॉक्टर भागवत कराद (सेंट्रल मिनिस्टर ऑफ फाइनेंस फॉर स्टेट) जमशेदपुर के स्कूल के बिकास का मुआयना करने के दौरान पोटका स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में भ्रमण किया। इस उपलक्ष्य में हमारे कंपनी प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, CSRविभाग एवं स्कूल के शिक्षकों एवं सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया। प्रबंध निदेशक द्वारा स्कूल के प्रक्रिया विकास, उपलब्धियों की जानकारी दी गई ।





### स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनटर्स मीट



26 अप्रैल 2022 को टाटा स्टील के खेल विभाग द्वारा सभी प्रमुख डिवीजन और ग्रुप कंपनियों के स्पोर्ट्स कोऑर्डिटर के लिए अप्रैल माह में मीटिंग के बाद कुछ व्यक्तिगत स्पोर्ट्स इवेंट्स आयोजित की गई थी। जिसमे हमारे कंपनी के खेल अधिकारी श्री संजय मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । टाटा स्टील खेल विभाग के प्रमुख श्री मुकुल विनायक चौधरी ने इन्हे पुरस्कार किया। इस प्रतियोगिता में कुल 22 प्रतिभागियों ने शिरकत की थी।



### तीरंदाजी के क्षेत्र में उपलब्धि



6 से 11 मई 2022 तक इराक में आयोजित एशिया कप 2022, स्टेज 2 में लक्ष्मी हेम्ब्रम ने टीम इवेंट में गोल्ड प्राप्त किया है ।



16 से 22 मई 2022 को दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में हुंडई आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज 2 का आयोजन किया गया। जिमसे कोमलिका बारी ने भाग लेकर भारतीय टीम इवेंट ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया ।

# खेल गतिविधि

## जूनियर राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट



20 अप्रैल से 1 मई, 2022 तक कंपनी टाउनशिप में अवस्थित नवल टाटा हॉकी अकादमी में इंडिया जूनियर राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमे 20 से अधिक राज्यों की टीमों ने भाग लिया ।






टूर्नामेंट में प्रबंध निदेशक माननीय श्री नीरज कांत और उपाध्यक्ष श्री जे. के. सिंह ने प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और तकनीकी अधिकारियो का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट में नवल टाटा हॉकी अकादमी की टीम बिजेता रही वही राउरकेला स्थित सेल अकादमी की टीम उप बिजेता रही । इस टूर्नामेंट के फाइनल में मुख्य अतिथि खेल रत्न से सम्मानित धनराज पिल्लै उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट में कंपनी के खेल अधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने भी इवेंट मैनेजर के रूप में अहम् योगदान दिया।

## नानावटी क्रिकेट प्रतियोगिता में उप बिजेता बनने का गौरव



टाटा स्टील खेल बिभाग की ओर से टाटा स्टील के बिभिन्न डिवीजन और ग्रुप कंपनी के टीमों के लिए प्रतिष्ठित नानावटी क्रिकेट प्रतियोगिता में आई.एस.डब्ल्यू.पी. और टी. एस. पी. एल. की संयुक्त टीम ने शिरकत की और पहली बार उप बिजेता बनने का गौरव हासिल किया। टाटा स्टील वर्क्स की टीम बिजेता रही। यह पुरस्कार टाटा स्टील के उपाध्यक्ष श्री चाणक्य चौधरी ने 10 अप्रैल को कीनन स्टेडियम में खेले गए फाइनल में प्रदान किया। अपनी कंपनी की तरफ से संजय कुमार मिश्रा ,बाला शेखर और चन्दन बनर्जी ने संयुक्त टीम का प्रतिनिधितव किया।





## 50 वां टाटा कप फुटबॉल टूर्नामेंट





4 जून 2022 को टाटा स्टील खेल डिवीजन द्वारा टी.एफ.ए ग्राउंड में टाटा के बिभिन्न डिवीजन और ग्रुप कंपनियों के लिए 50 वां टाटा कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल टीम की ओर श्री चन्दन बनर्जी,श्री राकेश बाबू ,श्री सौरव गुप्ता,श्री बिनोद कुमार, श्री प्रसन्ता चटर्जी, श्री मनोज सिंह, श्री राकेश कुमार सिंह,श्री सौमेंदु रॉय और श्री संजय मिश्रा ने टीम का प्रतिनिधितव किया।

## इंटर डिविजनल शतरंज चैंपियनशिप

10 जून 2022 को टाटा स्टील द्वारा वर्चुअल प्लेटफार्म से इंटर डिविजनल शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमे आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल की टीम ने भाग लिया । जिसमे संतोष कुमार सिंह ,मंजीत सिंह एवं वरूण शर्मा शामिल थे ।



# कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी

शिक्षा | सेवा | यूथ इंगेजमेंट | लाइवलीहुड एनहांसमेंट | हेल्थ एण्ड हाइजिन

## शिक्षा



27.04.2022 से कौशल्याण परियोजना के तहत टी.एस.एफ की मदद से के.जी.बी.वी, पोटका के छात्रों को कंप्यूटर बेसिक कोर्स सिखाया जा रहा है ।





टाटा स्टील के टेक्निकल एजुकेशन इंस्टिट्यूट फाउंडेशन की मदद से 22.04.2022 को के.जी.बी.वी, पोटका के बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए वी.एल.सी.सी, सिलाई केंद्र और टी.एस.टी.आई. में शैक्षिक यात्रा कराया गया ।



10 मई 2022 को टाटा स्टील फाउंडेशन के श्री एडविन और श्री सुधाकर ने टाटा स्टील लिमिटेड द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रम के बारे में जागरूकता के लिए के.जी.बी.वी पोटका का दौरा किया।





30 जून 2022 को जिला शिक्षा विभाग में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की वार्डन एवं सी.एस.आर विभाग के अधिकारी के साथ पूर्वी सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट के शिक्षा विभाग के अधिकारीयों का बैठक किया गया। जिसमे पूर्वी सिंहभूम में स्थित 11 कस्तूरबा गाँधी स्कूलों को हमारे अधिग्रहण करने की योजना से सम्बंधित विषयों की चर्चा की गई ।

## सेवा



13.04.2022 को केजीबीवी, पोटका उत्तीर्ण छात्र के 76 परिवारों को बीज वितरण किया गया ।



16 जून 2022 को आई.एस.डब्ल्यू.पी द्वारा तीरंदाजों और बास्केटबॉल खिलाड़ियों को 140 पौधे वितरित किए गए।

## यूथ इंगेजमेंट



1 जून 2022 को ISWPL स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तीरंदाजों को सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में श्री उमा नाथ मिश्रा (वी.पी फाइनांस एन्ड एकाउंट्स) एवं अवतार सिंह (सी.एस.आर हेड) द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



ISWP स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आर्चर श्री अनिल लोहार 02.05.2022 को आर.एस.बी ट्रांसमिशन लिमिटेड में तीरंदाजी खिलाड़ी के रूप में प्रवेश हुए ।

## समर कैंप




5 मई से 31 मई 2022 आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टाटा स्टील लिमिटेड के सहयोग से समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 100 बच्चों ने भाग लिया । समर कैंप के समाप्ति के उपलक्ष्य में श्री इंद्रजीत नंदी, श्री चित्तरंजन ठाकुर, श्री अवतार सिंह बच्चों को पुरस्कार द्वारा प्रोत्साहित किये।







आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के छात्रों ने 23 से 31 मई 2022 को आंध्र प्रदेश में आयोजन नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप एवं कोलकाता में 2 मई 2022 को आयोजित प्रथम खेलो इंडिया ईस्ट जोन आर्चरी टूर्नामेंट में भाग लिया एवं मैडल प्राप्त किये ।



रुपाली हांसदा

रानीकुदर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की अंडर 9 केटेगरी की छात्रा रुपाली हांसदा ने भाग लिया एवं गोल्ड मेडल जीती।



प्रिया महाली

ISWP स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की छात्रा प्रिया महाली ने नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप (अंडर–14) में भाग लेकर1 इंडिविजुअल गोल्ड, 1टीम गोल्ड, 1 ओवरआल सिल्वर मेडल प्राप्त हुए।



रिया यादव

ISWP स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की छात्रा रिया यादव ने नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप (अंडर–14) में भाग लेकर 1 ब्रोंज मेडल प्राप्त हुए।



राज चाटर

2 मई 2022 को कोलकाता में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया ईस्ट जोन आर्चरी टूर्नामेंट में ISWP स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के छात्र राज चाटर ने अच्छे प्रदर्शन के साथ गोल्ड मैडल हासिल किया ।



आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बास्केटबॉल खिलाड़ी श्री तेज प्रताप सिंह का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण अकादमी, उड़ीसा में हुआ।



6 जून 2022 को साई आर्चरी ग्राउंड कोलकाता में आयोजित खेलो इंडिया ईस्ट जोन कंपाउंड तीरंदाजी टूर्नामेंट 2022 में आई.एस. डब्ल्यू. पी. एल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के 4 तीरंदाजों ने भाग लिया जिसमे आशीष सिंह को इंडिविजुअल राउंड में सिल्वर मैडल प्राप्त किया ।

## लाइवलीहुड एनहांसमेंट



के.जी.बी.वी की छात्रा मिस लुखी सोरेन का एस.टी जेवियर्स इंग्लिश स्कूल में तीरंदाजी कोच के रूप में चयनित हुई ।



श्री सरती समद एस.टी जेवियर्स इंग्लिश स्कूल फिजिकल टीचर के रूप में चयनित हुए ।



लक्ष्मी मुर्मू



माया रानी हांसदा



सारोला टुडू

16 मई 2022 को के.जी.बी.वी, पोटका के 3 उत्तीर्ण छात्र (लक्ष्मी मुर्मू ,माया रानी हांसदा, सारोला टुडू) को श्रीउन्हत मेटालिक्स प्राइवेट लिमिटेड, गम्हरिया में प्रवेश प्राप्त हुआ।

## यौन उत्पीड़न



### क्या होता है यौन उत्पीड़न

यौन उत्पीड़न आवश्यक नहीं कि शारीरिक ही हो। आपको असहज महसूस कराने वाली सभी गतिविधियाँ यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आते हैं।

- जबरन परेशान करना, मजाक करना, गंदे इशारे करना ।
- अभद्र मेसेज या ईमेल करना ।
- अश्लील बातें करना एवं अश्लील तस्वीर दिखाना ।
- शारीरिक संपर्क एवं प्रयास ।
- यौन अनुग्रह के लिए एक मांग या अनुरोध एवं यौन रंजित टिप्पणी ।
- यौन प्रकृति का कोई अवांछित शारीरिक, मौखिक या गैर–मौखिक आचरण।

### यौन उत्पीड़न के खिलाफ अपनी प्रयास

सर्वप्रथम ना बोलना सीखे– यदि कोई अपनी सिमा उल्लंघन करने का प्रयास करता है तो सबसे पहले आप ना बोलकर उसे रोकिये। यदि उसके बाद भी उस व्यक्ति की आचरण में सुधार ना आये उस स्थिति में शिकायत दर्ज करें ।

शिकायत दर्ज करने का माध्यम– ISWPL परिसर के अंर्तगत यदि आपके या आपके साथी के साथ किसी प्रकार का शारीरिक उत्पीड़न संबधित घटना घटित हो रही है तो आप आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल पॉश कमिटी से सम्पर्क करें या ईमेल के माध्यम से सम्पर्क कर सकते है।

**ईमेल आई.डी–** posh@iswp.co.in

यदि कोई ब्यक्ति (पुरुष/महिला) यौन उत्पीड़न से संबधित गतिविधियों को करते हुए पाया जाता है तो उसे दण्डित किया जायेगा जिसमे मुख्य रूप से वेतन या देय वेतन में कटौती, रोजगार से निलंबन या समाप्ति, आपराधिक कार्यवाही आदि शामिल है ।

## आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में पॉश कमिटी के सदस्यों की सूचि निम्नलिखित है ।



**प्रेरणा धूत**
चेयर पर्सन



**शकुंतला**
कंवेनर



**रविनारायण कर**
मेंबर



**प्रदीप कुमार ओझा**
मेंबर



**चितरंजन ठाकुर**
मेंबर



**फरहा सुल्तान**
मेंबर



**रेखा सील**
इंडिपेंडेंट मेंबर



**रीना कुमारी**
मेंबर



**श्रीधरा गोश्वामी**
मेंबर



**सुजीत कुमार मोहंती**
मेंबर

## आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में नए सदस्यों का स्वागत




अपूर्वा डे
शेयर्ड सर्विसेज



खुशबू बरला
एच आर एम



श्वेता मालवीया
डी बी मार्केटिंग
एन्ड कम्युनिकेशन



नील कमल चौधरी
शेयर्ड सर्विसेज



## सेवानिवृति

**वित्तीय वर्ष FY23 के प्रथम त्रैमासिक में निम्नलिखित कर्मचारी सेवानिवृत हुए :–**



**कुलदीप सिंह**
कार्य आरम्भ–9 अगस्त 93
सेवानिवृत–1 अप्रैल 22



**शक्ति कृष्णा त्रिपाठी**
कार्य आरम्भ–20 अगस्त 2008
सेवानिवृत–1 मई 22



**उदय कुमार शर्मा**
कार्य आरम्भ–23 दिसंबर 83
सेवानिवृत–1 मई 22



**कमल महतो**
कार्य आरम्भ–9 अक्टूबर 85
सेवानिवृत–1 जून 22



**निजामुद्दीन अंसारी**
कार्य आरम्भ –18 सितम्बर 91
सेवानिवृत–1 जून 22



**इ .वी वर्की**
कार्य आरम्भ –23 मई 94
सेवानिवृत–1 जून 22



**के.डी राव**
कार्य आरम्भ –1 अक्टूबर 94
सेवानिवृत–1 जून 22



**सुरेश कुमार चोपड़ा**
कार्य आरम्भ –17 दिसंबर 80
सेवानिवृत–1 जून 22



**राजेश कुमार सिन्हा**
कार्य आरम्भ –2 मार्च 92
सेवानिवृत–1 जून 22



**सनत कुमार डे**
कार्य आरम्भ– 6 मार्च 87
सेवानिवृत–1 जून 22



कूड़ा-कचरा ना फैलाना सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिए, देश स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सबकी भागीदारी होनी चाहिए।

लोग में घर से निकलने वाले कूड़ा –कचरा जैसे– कांच, प्लास्टिक, फल तथा सब्जियों के छिलके, खिलौने इत्यादि को घर से बहार खुले में फेकते है । कई ऐसे पदार्थ होते हैं जो पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। लोगों की इस लापरवाही से पर्यावरण पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि कचरे का ठीक तरीके से निष्पादन नहीं किया जा रहा है।

घर का कूड़ा–करकट यहाँ वहाँ फेंकने से वह सड़ता रहता है और दुर्गन्ध पैदा करता है एवं कई कीटाणुओं को जन्म देता है जिससे अनेकों गंभीर बीमारी हो जाती हैं । कचरे का निष्पादन ठीक तरीके से न करना मानव जाति के लिए संकटमय स्थिति उत्पन्न हो जायेगा ।




हमें खुद सजग हो जाना चाहिए कि हमें अपनी प्रकृति का संरक्षण करना है व आवश्यकता से अधिक चीजों का उपयोग नहीं करना है। तभी प्रकृति द्वारा स्वचलित चक्र में हम अपना सहयोग दे पाएंगे। खुद भी कचरा न फेंके व दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें ।